तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि

रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

4

ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में लिया जल संरक्षण का संकल्प



[खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार]

औद्योगिक सुरक्षा एवं फायरमैन अग्निशमन प्रशिक्षण के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें : फायर सेफ्टी

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)
संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

खबर संक्षेप

एयर गन से पक्षियों का शिकार, दो गिरफ्तार

रायगढ़। एक तरफ जहां वन विभाग वन्य प्राणियों की सुरक्षा को लेकर जन-जागरूकता अभियान चला रहा है और वन्यजीव संरक्षण सप्ताह मना रहा है, वहीं दूसरी तरफ बेजुबान पक्षियों के शिकार का मामला सामने आया है। दरअसल, महापल्ली क्षेत्र में एयर गन से पक्षियों का शिकार कर रहे दो युवकों को वन विभाग की टीम ने घेराबंदी कर रंगे हाथों धर दबोचा। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, टीम को सूचना मिली थी कि महापल्ली इलाके में कुछ लोग स्कूटी पर सवार होकर एयर गन से पक्षियों को निशाना बना रहे हैं। इसकी खबर मिलते ही वन विभाग के कर्मचारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी और घेराबंदी कर स्कूटी सवार दोनों संदिग्धों को रोक लिया। पकड़े गए युवकों की पहचान दयासागर निषाद और उधव राठिया के रूप में हुई है। जब विभाग की टीम ने उनकी तलाशी ली, तो उनके पास से एक एयर गन, भारी मात्रा में छर्रे और शिकार किए गए 3 पक्षी बरामद हुए। वन विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए शिकार में इस्तेमाल सामग्री और वाहन को जब्त कर लिया। वन विभाग ने दोनों आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

अपर कलेक्टर चंद्रकांत ने संभाला कार्यभार

सारंगढ़। अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने सारंगढ़दूबिलाईगढ़ जिले में पदभार ग्रहण कर लिया है। वर्ष 2013 बैच के अधिकारी श्री कौशिक को विभिन्न जिलों में प्रशासनिक कार्यों का व्यापक अनुभव है। कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर उन्होंने कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू से भेंट कर अपनी उपस्थिति दी। कलेक्टर श्रीमती साहू ने उनका स्वागत करते हुए जिले की प्रशासनिक प्राथमिकताओं एवं विभिन्न विभागीय कार्यों के संबंध में आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। कार्यभार ग्रहण करने के बाद अपर कलेक्टर श्री कौशिक समय.सीमा की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियोंए डिप्टी कलेक्टरों एवं जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और जिले में संचालित शासकीय योजनाओं एवं प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी ली। अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक की सारंगढ़ में पदस्थापना से पूर्व नारायणपुर, कबीरधाम, बस्तर, राजनांदगांव, धमतरी और बालोद जिले में पदस्थापना रही है।

इलाज कराने रायपुर तक जाने की अग्निपरीक्षा

मासूमों की खामोशी भांपने वाली बेरा मशीन 2 साल से बंद, जिले में नहीं हो पा रहा इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिला मुख्यालय स्थित जतन केंद्र में सेरेब्रल पाल्सी और मूक-बधिर बच्चों के कान की जांच के लिए स्थापित एकमात्र बेरा मशीन (ब्रेनस्टेम इवोक्ड रिस्पांस ऑडियोमेट्री) बीते करीब दो सालों से खराब पड़ी है। जिले की इस इकलौते अत्याधुनिक मशीन के बंद होने से दिव्यांग बच्चों के परिजनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अब उन्हें एक छोटे से टेस्ट के लिए मासूम बच्चों को लेकर रायपुर तक की लंबी और खर्चीली दौड़ लगानी पड़ रही है।

बता दें कि सेरेब्रल पॉल्सी दिमागी विकास से जुडी एक न्यूरोलॉजिकल स्थिति होती है, जो बच्चों की शारीरिक गति, संतुलन और उठने-बैठने के तरीके सहित सुनने व बोलने को प्रभावित करता है। दरसअल, सेरेब्रल पॉल्सी शब्द में सेरेब्रल का संबंध मस्तिष्क से है, जबकि पाल्सी का संबंध मांसपेशियों की कमजोरी या उन्हें इस्तेमाल करने में आने वाली समस्याओं से है। इस बीमारी से पीडित बच्चों में कई तरह की स्थितियां देखने को मिलती है, जिसमें कुछ बच्चों को सुनने में परेशानी होती है। ऐसी स्थिति में इन बच्चों की सुनने की क्षमता को विकसित करने के लिए ही बेरा मशीन की जरूरत होती है। तकनीकी भाषा में बेरा मशीन का उपयोग बच्चों में सुनने की क्षमता को मापने के लिए किया जाता है। सेरिब्रल पाल्सी या अन्य मानसिक व शारीरिक दिव्यांगता से पीड़ित बच्चे सामान्य ऑडियोमेट्री टेस्ट की तरह आवाज सुनकर हाथ उठाने या इशारा करने में असमर्थ होते हैं। ऐसे में बेरा मशीन बिना किसी मरीज की प्रतिक्रिया के, केवल दिमाग की तरंगों को पढ़कर यह सटीकता से बता देती है कि बच्चा कितना सुन पा रहा है। अक्सर यह टेस्ट बच्चे को सुलाकर किया जाता है। समय पर जांच न होने से बच्चों के बोलने और समझने की क्षमता हमेशा के लिए प्रभावित हो सकती है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, इस मशीन की कीमत करीब 10 से 11 लाख बताई जा रही है। पिछले दो सालों के दौरान मशीन में आई तकनीकी खराबी को दूर करने के लिए कई बार स्थानीय और बाहरी विशेषज्ञों से मरम्मत कराने का प्रयास किया गया। बार-बार सुधार के बाद भी मशीन चालू नहीं हो सकी, जिसके बाद अंत में मुख्य टेक्नीशियन ने इसे पूरी तरह अनुपयोगी घोषित करते हुए नई मशीन बदलने की लिखित सलाह दी है।

गलत रिपोर्ट दे रही थी मशीन

इस संबंध में सूत्रों ने बताया कि शुरुआत में मशीन ने कई बच्चों की रिपोर्ट गलत दी। जिसकी वजह से उनका सही इलाज करने में दिक्कत हो रही थी। इस मशीन के माध्यम से ही बच्चों की सुनने की क्षमता का पता चलता है, जिसके आधार पर ही उनका इलाज किया जाता है। अब गलत रिपोर्ट की वजह से इस बीमारी से पीड़ित बच्चों की सुनने की सही क्षमता का आंकलन करने में दिक्कत हो रही थी, यही वजह है कि इसकी जगह नई मशीन मंगाए जाने की सलाह तकनीकी विशेषज्ञों ने दी।

शासन को भेजा गया प्रस्ताव

जतन केंद्र प्रबंधन की ओर से शासन को नई बेरा मशीन की खरीदी के लिए एक औपचारिक प्रस्ताव बनाकर भेजा जा चुका है, लेकिन प्रशासनिक लेटलतीफी और बजट की मंजूरी न मिलने के कारण मामला पिछले कई महीनों से अटका हुआ है। रायगढ़ जिले के ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों से आने वाले गरीब परिवारों के लिए रायपुर जाना और वहां ठहर कर इलाज कराना आर्थिक रूप से कमर तोड़ने वाला साबित हो रहा है।

बेरा मशीन की खराबी के बाद नई मशीन के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया था, जिसमें स्वीकृति मिल चुकी हुआ। प्रक्रिया चल रही है।
डॉ अनिल जगत
सीएमएचओ रायगढ़

मिनीमाता चौक लूटकांडः दो नाबालिग समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। जूटमिल थाना क्षेत्र में एक ही रात हुई लूट और चाकूबाजी की दो अलग-अलग घटनाओं की कड़ियां आपस में जुड़ गई हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों वारदातों में दो विधि से संघर्षरत बालक शामिल थे। पुलिस ने मामले में एक बालिग आरोपी गणेश सारथी को भी गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन, बटन चाकू और लोहे का कड़ा बरामद किया गया है। जानकारी के मुताबिक 4 अक्टूबर की रात मिनीमाता चौक के पास रेलवे पटरी के नजदीक महरापारा निवासी 35 वर्षीय रितेश कुमार जैन को कुछ युवकों ने रोक लिया। आरोपियों ने पहले उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। इसी दौरान चाकू से उसके सीने पर वार कर नकद और उसका मोबाइल लूट लिया गया। शिकायत के बाद जूटमिल पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को इसी रात बजरंगपारा में हुई दूसरी घटना की जानकारी मिली। यहां 17 वर्षीय किशोर से शराब खरीदने के लिए पैसे मांगे गए। पैसे देने से इनकार करने पर उसके साथ विवाद और मारपीट की गई। इसके बाद उसके पेट में चाकू से वार कर आरोपी मौके से भाग निकले।

कोतरा रोड 220 केवी पावरग्रिड में मेजर फाल्ट रायगढ़, सारंगढ़ और सक्ती तक अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सीएसपीडीसीएल के अधिकारी डटे रहे कोतरा रोड में

जब पावरग्रिड में फाल्ट आया तो तीन जिलों में अंधेरा छा गया। इससे एकबारगी सीएसपीडीसीएल के अधिकारी भी सकते में आ गए। फाल्ट की जानकारी लेने लगे, बड़े अधिकारी कोतरा रोड सब स्टेशन में ही डटे रहे। खास बात यह है कि जब तक पावरग्रिड के अधिकारियों को नागपुर से कोड नहीं मिलता तब तक चालू नहीं कर सकते। इसी कारण सप्लाई चालू होने में देरी होने की बात कही जा रही है।

मंगलवार शाम करीब पांच बजे तेज हवाओं के साथ हुई भारी बारिश के बीच बिजली व्यवस्था अचानक चरमरा गई। कोतरा रोड स्थित 220 केवी पावरग्रिड में तकनीकी खराबी आने के बाद रायगढ़ जिले ही नहीं बल्कि सारंगढ़ और सक्ती जिले तक अंधेरा छा गया। खास बात यह है कि तकनीकी खराबी को जब ठीक कर लिया गया तो भी लाइन चालू करने में काफी समय लग गया। कारण इसके लिए नागपुर से परमिशन लेना पड़ता है। वहां से एक कोड दिया जाता है तब जाकर लाइन चालू किया जा सकता है।

जानकारी के अनुसार शाम करीब साढ़े चार बजे 220 केवी सब स्टेशन रायगढ़ में खराबी सामने आई। इसके असर से 132 केवी सब स्टेशन रायगढ़ के अलावा कोडातराई, डभरा, सारंगढ़, बरमकेला, चपले और अड़भार समेत कई अन्य क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह से प्रभावित हो गई। करीब पांच बजे से शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली बंद हो गई। साथ ही सारंगढ़ और सक्ती जिले के कई हिस्सों में भी सप्लाई बंद हो गई। बताया जा रहा है कि मंगलवार शाम मौसम में अचानक बदलाव के साथ तेज आंधी-तूफान चलने लगी। साथ तेज बारिश भी हो रही थी। इसी वजह से पावरग्रिड में खराबी आने की बात कही जा रही है। इस दौरान लगातार बिजली कड़कने से बिजली आपूर्ति व्यवस्था पर भी असर पड़ा। 220 केवी सब स्टेशन में आई तकनीकी खराबी को बिजली बंद होने की प्रमुख वजह बताया जा रहा है। सप्लाई बंद होने के बाद संबंधित विभाग की तकनीकी टीम खराबी का पता लगाने और व्यवस्था बहाल करने में जुट गई। बिजली गुल होने के कारण शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू उपभोक्ताओं के साथ ही दुकानदारों और कारोबारियों को भी परेशानी हुई। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी शाम के समय बिजली आपूर्ति ठप रहने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई। बारिश और अंधेरा बढ़ने के साथ बिजली बंद होने से लोगों की मुश्किलें और बढ़ गईं। रात करीब आठ बजे तक बिजली सुचारु नहीं हो सका था। तकनीकी खराबी दूर करने के लिए सुधार कार्य जारी था। टीम द्वारा जल्द से जल्द फॉल्ट को दुरुस्त कर विद्युत आपूर्ति सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा था। हालांकि सप्लाई पूरी तरह बहाल होने में खराबी की स्थिति और सुधार कार्य में लगने वाले समय पर निर्भरता थी। शाम से ही बिजली व्यवस्था बाधित रहने के कारण लोग जल्द सप्लाई शुरू होने की उम्मीद तो कर रहे थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। विभाग के अधिकारी सुधार कार्य पूरा होने के बाद प्रभावित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति क्रमबद्ध तरीके से सामान्य किए जाने की बात कह रहे थे।

खास बात

- पांच बजे के आसपास जब चली तेज आंधी तूफान तो आई खराबी, तेज बिजली भी चमकने से बढ़ गई खतरा

शेयर मार्केट में रकम दोगुनी करने का झांसा, ग्रामीण महिलाओं से 71 लाख की ठगी, महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शेयर मार्केट में निवेश कर कम समय में रकम दोगुनी करने का लालच देकर ग्रामीण महिलाओं से 70 लाख 77 हजार 901 रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आया है। रायगढ़ पुलिस की साइबर थाना टीम ने मामले में सक्ती जिले से एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मामले में गिरफ्तार महिला के पति और उसकी मां की भूमिका भी सामने आई है, जबकि दोनों की गिरफ्तारी अभी बाकी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम जतरी की रहने वाली मेनका सारथी शादी के बाद ग्राम बरतुंगा, जिला सक्ती में रहती थी। मायके आने के दौरान वह गांव की महिलाओं से शेयर मार्केट में निवेश से अच्छा मुनाफा मिलने की बात कहती थी। उसने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि उसके बताए तरीके से पैसा लगाने पर कम समय में रकम दोगुनी हो जाएगी। यहां तक कहा गया कि यदि रकम दोगुनी नहीं हुई तो वह और उसका पति अपनी गारंटी पर पैसा लौटाएंगे। इस भरोसे में आकर कई महिलाओं ने नगद और ऑनलाइन माध्यम से उसे रकम देना शुरू कर दिया। पुलिस के अनुसार अप्रैल से अक्टूबर 2025 के बीच अलग-अलग महिलाओं से लाखों रुपये लिए गए।

इनमें हारा बाई निषाद से 17.53 लाख, अनिता निषाद से 17.24 लाख, पुष्पा सिदार से 9 लाख, विष्णु प्रिया निषाद से 7.50 लाख सहित अन्य महिलाओं से रकम ली गई। कुल लेनदेन 70.77 लाख 901 रुपये बताया गया है। जांच में सामने आया कि शुरुआत में कुछ निवेशकों को मुनाफे की रकम देकर उनका विश्वास जीता गया। इसके बाद लंबे समय तक न तो मुनाफा मिला और न ही मूल रकम वापस की गई। रकम मांगने पर कथित तौर पर टालमटोल की गई और शिकायत करने पर धमकी देने की बात भी सामने आई है।

खास बात यह है कि कुछ महिलाओं ने दूसरे बैंकों से लोन लेकर भी पैसा लगाया था और अब वे स्वयं लोन की किश्तें चुका रही हैं। मामले की जांच के दौरान साइबर पुलिस ने पीड़ितों और आरोपियों के बैंक खातों की जानकारी खंगाली। आरोपी महिला के तीन बैंक खातों में लाखों रुपये के लेनदेन मिले। बैंक ट्रांजेक्शन, पीड़ितों के बयान और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने बरतुंगा में दबिश देकर मेनका सारथी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पुलिस को आरोपी महिला के एक पुरुष मित्र के साथ मिलकर कथित तौर पर ठगी की योजना बनाने की जानकारी मिली।

पुलिस के अनुसार बाद में उसके पति अक्षय सारथी और मां मीरा सोनवानी की भूमिका भी सामने आई। रकम अलग-अलग लोगों के बीच रोटेशन में चलाने की बात भी पूछताछ में सामने आई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लेनदेन में इस्तेमाल मोबाइल फोन, तीन बैंक खातों से संबंधित दस्तावेज और एटीएम कार्ड जब्त किए हैं। पति अक्षय सारथी और मां मीरा सोनवानी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। सूत्र बता रहे हैं कि इस पूरी साजिश में आरोपी महिला की मां और पति की भूमिका पूरी तरह से संदिग्ध है। पुलिस अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है। इस मामले में साइबर थाना में 22 जुलाई को धारा 318(4), 3(5) में अपराध दर्ज किया गया था।

जांच में हो रहा खुलासा, अब तक 13 एकड़ शासन के पक्ष में जमीनें की गई हस्तांतरित

कॉलोनाइजरों को खौफ नहीं, नहीं छोड़ी ईडब्ल्यूएस की जमीनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शहर के कॉलोनाइजरों में प्रशासनिक खौफ ही नहीं है। यह हम नहीं बल्कि स्वयं कॉलोनाइजरों की मनमानी कह रही है। यहां कॉलोनी विकसित करने के बाद भी ईडब्ल्यूएस की जमीनें नहीं छोड़ने का मामला सामने आया है। ईडब्ल्यूएस जमीनों की जांच की गई तो पता चला कि कॉलोनाइजरों ने छोड़ा ही नहीं है। हालांकि जांच के बाद जब सख्ती की गई तो 12 कॉलोनाइजरों से करीब 13 एकड़ जमीनें शासन के पक्ष में हस्तांतरित की गई है। इसमें दो दिन पहले ही तीन कॉलोनाइजरों ने तीन एकड़ जमीनें हस्तांतरित की है।

कॉलोनियों में सरकारी नियम के तहत आर्थिक रुप से कमजोर वर्गों के लिए जमीनें छोड़ने का प्रावधान है, लेकिन इस कायदे-कानून को यहां के कॉलोनाइजर जेब में रखकर चलते हैं। इसका ताजा उदाहरण 12 कॉलोनाइजरों द्वारा करीब 13 एकड़ जमीनें शासन के पक्ष में हस्तांतरित करना। दरअसल पहली बार किसी कलेक्टर ने जिले के कॉलोनियों में छोड़ी जाने वाली ईडब्ल्यूएस जमीनों की जांच कराने की हिम्मत दिखाई है। इसके पहले किसी ने जांच नहीं कराई। हालात यह रहा कि करीब 12 लोगों द्वारा की गई कॉलोनियों में ईडब्ल्यूएस की जमीनें छोड़ी ही नहीं गई थी। जब जांच हुई और सख्ती की गई तो कॉलोनाइजरों जमीनें दी। जानकारी के मुताबिक करीब 17 कॉलोनाइजरों की चिंहाकन कर जांच की गई।

1 सितंबर को ईडब्ल्यूएस जमीनों की जांच करने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद रायगढ़ अनुभाग में भूमि और अभिलेखों की जांच की गई। रायगढ़ अनुभाग में चिन्हित 17 कॉलोनाइजरों में से 12 के ईडब्ल्यूएस भूमि से संबंधित अभिलेखों की जांच की गई। जांच में विभिन्न ग्रामों में 10 एकड़ 12 डिसमिल ईडब्ल्यूएस भूमि उपलब्ध मिली, जिसे राजस्व अधिकारियों द्वारा सुरक्षित कर अपने कब्जे में लिया गया।

कहां-कहां मिली ईडब्ल्यूएस की जमीनें

जांच के दौरान पण्डरीपानी, बड़े अतरमुड़ा, पुसौर, छींच, गोपालपुर सहित अन्य ग्रामों में ईडब्ल्यूएस की जमीनें मिली। जांच के दौरान शेष पांच कॉलोनाइजरों के अभिलेखों में ईडब्ल्यूएस भूमि के संबंध में स्थिति स्पष्ट नहीं होने पर एसडीएम द्वारा कॉलोनाइजरों को नोटिस जारी कर भूमि से संबंधित अभिलेख और लेखा.जोखा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम की नोटिस के बाद बीते 5 अक्टूबर को तीन अन्य कॉलोनाइजरों ने भी करीब तीन एकड़ जमीनें दी है।

इन कॉलोनाइजरों ने किया जमीनें हस्तांतरण

जब प्रशासन का डंडा चला तो तीन कॉलोनाइजरों ने भी ईडब्ल्यूएस की जमीनें प्रशासन को सौंपी है। इसमें श्री सांई आनंद विहार के संचालकों द्वारा ग्राम जोरापाली के खसरा नंबर 15000 में 0.341 हेक्टेयर, हाईटेक बिल्डर एंड डेवलपर्स द्वारा ग्राम बड़े अतरमुड़ा के खसरा नंबर 15002/1 में 0.483 हेक्टेयर और स्वर्णभूमि बिल्डर्स द्वारा ग्राम पण्डरीपानी के खसरा नंबर 56/1 एवं 56/2 में 0.428 हेक्टेयर भूमि ईडब्ल्यूएस भूमि के रूप में रजिस्ट्री के माध्यम से हस्तांतरित की गई।

15 साल से फरार हत्या की दोषी महिला गिरफ्तार, जूटमिल में छिपकर रह रही थी

रायगढ़। हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा मिलने के बाद करीब 15 साल से फरार चल रही महिला को लैलूंगा पुलिस ने जूटमिल क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई फरार वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन हंट के तहत की गई। जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार महिला की पहचान रामबाई चौहान के रूप में हुई है। वह मूल रूप से मेढरमार, थाना लैलूंगा की रहने वाली है और वर्तमान में जूटमिल क्षेत्र में पहचान छिपाकर रह रही थी। रामबाई को वर्ष 1996 के सत्र प्रकरण में हत्या का दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। मामले में हाईकोर्ट ने भी निचली अदालत की दोषसिद्धि को बरकरार रखते हुए उसे शेष सजा भुगतने के लिए आत्मसमर्पण करने, हिरासत में लेने का निर्देश दिया था। इसके बाद से वह पुलिस की पकड़ से बाहर थी। पुलिस ने पुराने रिकॉर्ड, फोटो और अन्य जानकारियों के आधार पर उसकी तलाश शुरू की। उसके जूटमिल क्षेत्र में रहने की सूचना मिलने पर स्थानीय स्तर पर जानकारी जुटाई गई। वोटर लिस्ट और फोटो का मिलान करने के बाद पुलिस को उसकी पहचान के संबंध में पुख्ता सुराग मिले। पुलिस ने महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पहचान से इनकार करने के बाद पूछताछ में उसने अपना वास्तविक नाम रामबाई चौहान होना स्वीकार किया। गिरफ्तारी वारंट के तहत उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल वारंट जारी होने पर उसे जेल भेज दिया गया।

खबर संक्षेप



स्वच्छाग्रही दीदियों का हुआ सम्मान

रायगढ़। ग्राम पंचायत अमलीडीह में आयोजित शिविर में स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर योगदान देने वाली दीदियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने स्वच्छाग्रही दीदियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की और स्वच्छता के प्रति उनके समर्पण एवं निरंतर सहभागिता के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सम्मानित स्वच्छाग्रही दीदियों को बधाई देते हुए उनके कार्यों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

बुनगा के पांच आंगन बाड़ी में आंगन मिलन कार्यक्रम



रायगढ़। पुसौर क्षेत्र के ग्राम बुनगा के पांच आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच बेदप्रकाश साव ने अपने उद्बबोधन में केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओ के बारे में विस्तार से बताया।खासकर महिलाओ से जुड़ी योजनाओ पर विशेष ध्यान आकर्षण किया। उक्त कार्यक्रम में महिला बाल विकास से श्रीमती पुष्पती चौहान एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय नायक ने अपने विभाग के योजना के बारे में लोगों को अवगत कराया।

अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी में रायगढ़ की टीम हुई शामिल



रायगढ़। शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय की 14 सदस्यीय महिला कबड्डी टीम अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए बिलासपुर रवाना हुई। टीम में विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों से चयनित छात्राएं शामिल हैं। प्रतियोगिता में खिलाड़ी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी खेल प्रतिभा और दमखम दिखाएंगी। टीम के रवाना होने से पहले विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विनय चौहान ने सभी खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। टीम के साथ मैनेजर के रूप में अंशुमाला कुजूर, सहायक प्राध्यापक, विधि पालूराम धनिया महाविद्यालय रायगढ़ तथा कोच के रूप में डॉ. सौरभ प्रधानए क्रीड़ा अधिकारी एवं प्रभारी संचालक शामिल हैं। प्रतियोगिता से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय की महिला कबड्डी टीम ने अपने पहले राउंड के मुकाबले में बिहार विश्वविद्यालय की टीम को हराकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया है। शुरुआती जीत के बाद खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा हुआ है और टीम आगामी मुकाबलों में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए मैदान में उतरेगी।

न्यायालय श्रीमान जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, घरघोड़ा जिला-रायगढ़ (छ.ग.)
// ईश्तहार//
एम.जे.सी. सिविल प्रकरण क्र. 11/2024
पेशी तारीख 12.10.2026
प्रोसेस नम्बर-945/2026
योगेन्द्र सिंह वगैरह ... आवेदकगण
बनाम
कनिष्ठ अभियंता वगैरह... अनावेदकगण
बनाम -
इस नोटिस के जरिये प्रो. राजेश कुमार अग्रवाल, बेविंग प्लांट कंचनपुर, थाना व तहसील घरघोड़ा, जिला रायगढ़ छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के मार्फत से (जिसका प्रकरण के संबंध में सम्यक जानकारी प्राप्त हो) सुनवाई दिनांक 12.10.2026 को प्रातः 11:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर जवाब सह दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में इस न्यायालय द्वारा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई एवं निपटारा आपकी अनुपस्थिति में की जावेगी। यदि उक्त तिथि को अवकाश घोषित हो जाने की स्थिति में प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी ।
इस न्यायालय का मुद्रा एवं हस्ताक्षर द्वारा दिनांक 17.09.2026 को जारी किया गया।
(अभिषेक शर्मा)
जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश घरघोड़ा, जिला रायगढ़ (छ.ग.)

एक ही नंबर से कई कार्यकर्ताओं को आया कॉल, साइबर थाने में की शिकायत

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को फर्जी अफसर का फोन ओटीपी नहीं दिया तो नौकरी से निकालने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सरकारी विभागों के नाम का इस्तेमाल कर लोगों को डराने और उनसे गोपनीय जानकारी हासिल करने का मामला सामने आया है। अज्ञात व्यक्ति ने एक ही मोबाइल नंबर से कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को फोन कर खुद को सरकारी अधिकारी बताया और मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी बताने के लिए कहा। जब कार्यकर्ताओं ने जानकारी देने से मना किया तो उन्हें नौकरी से निकालने की धमकी दी गई।

बताया जा रहा है कि सोमवार को एक नंबर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मोबाइल पर कॉल किए गए। कॉल करने वाले ने अपनी पहचान स्पष्ट करने के बजाय अलग-अलग सरकारी कार्यालयों का नाम लेकर खुद को अधिकारी बताया। बातचीत के दौरान उसने कार्यकर्ताओं से उनके मोबाइल पर आया ओटीपी साझा करने को कहा। जब कार्यकर्ताओं को कॉल का तरीका संदिग्ध लगा। तब उन्होंने ओटीपी देने से इनकार कर दिया तो ऐसे में उक्त कथित अधिकारी ने कार्रवाई और नौकरी जाने का डर दिखाकर दबाव बनाने का प्रयास किया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने आपस में इसकी जानकारी साझा की और आंगनबाड़ी संघ की अध्यक्ष से संपर्क किया। मामले की पुष्टि के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग से संपर्क किया गया। विभागीय स्तर पर स्पष्ट किया गया कि कार्यकर्ताओं को ओटीपी मांगने के लिए इस तरह का कोई फोन नहीं किया गया है। इसके बाद पूरे मामले में फर्जी कॉल और साइबर ठगी की आशंका और गहरा गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद करीब 3 से 4 कार्यकर्ता साइबर थाने पहुंचीं और लिखित शिकायत दी। शिकायत में संबंधित मोबाइल नंबर की जांच कर कॉल करने वाले व्यक्ति तक पहुंचने तथा उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं पुलिस अब शिकायत प्राप्त होने के बाद नंबर और कॉल की जांच कर रही है। पूरे तरीके की जांच कर सकती है। आंगनबाड़ी संघ की अध्यक्ष अनिता नायक ने बताया कि कई कार्यकर्ताओं को इसी तरह फोन कर डराने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि सरकारी विभाग का नाम लेकर नौकरी जाने का भय दिखाया गया, जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने सावधानी बरतते हुए कोई ओटीपी साझा नहीं किया।

पहले भी हुई इस तरह की ठगी

इस संबंध में विभागीय सूत्रों ने बताया कि यह पहली घटना नहीं है, जब इस तरह से फर्जी अधिकारी बन कर आंगनबाडी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को ओटीपी भेज कर ठगी करने का प्रयास किया गया है। इससे पहले ही अन्य जिलों में इस तरह की शिकायतें सामने आई है। सूत्र बता रहे हैं कि एक कार्यकर्ता ने ट्रुटिवश लिंक ओपन कर लिया था, जिसकी वजह से ठग ने उसके बैंक खाते से करीब 2 हजार रूपए निकाल लिए।

किया गया सतर्क

आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को सतर्क, ओटीपी साझा नहीं करने और एपीके फाइल ओपन नहीं करने की हिदायत दी गई है। वहीं पुलिस अधिकारियों से भी चर्चा कर कार्रवाई की मांग कार्यकर्ता व विभाग से भी की गई है।

-अरूण कुमार पाण्डेय, डीपीओ
महिला एवं बाल विकास

राष्ट्र प्रथम के 25 साल, रामलीला मैदान में दृष्टिगोचर होगा सेवा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा द्वारा बुधवार को पूरे देश में सेवा ज्योति यात्रा और विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया जा रहा है।

इस संबंध में वित्त मंत्री और रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर कार्यकर्ताओं सहित आम जनता से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है। ओपी चौधरी ने सोशल मंच में जारी वीडियो संदेश में कहा कि 7 अक्टूबर की तारीख भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में स्वर्णिम तारीख होगी। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एक राज्य के प्रमुख और राष्ट्र के प्रमुख के रूप मेंए हेड ऑफ द गवर्नमेंट के रूप में लगातार 25 वर्ष सेवा के पूरे करने वाले भारत के लोकतंत्र के पहले व्यक्ति होंगे। जनता ने लगातार 25 साल तक उन्हें आशीर्वाद दिया है। यह उनकी जनसेवा, उनकी प्रतिबद्धता और उनके राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत के कारण संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि यह हम सबके लिए, पूरे भारतवर्ष के लिए और पार्टी के एक.एक कार्यकर्ता के लिए अत्यंत गौरवशाली पल है। मोदी के 25 सालों का एक ही संदेश रहा है . सेवा का संदेश। इसलिए इस दिन को हम सेवा ज्योति यात्रा के रूप में मना रहे हैं। ओपी चौधरी ने बताया कि सुबह 9 बजे सभी जिला मुख्यालयों में निर्धारित स्थलों पर कार्यकर्ताओं का एकत्रीकरण होगा। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन और राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का संबोधन सुना जाएगा।

रेलवे स्टेशन पहुंचने के लिए रायगढ़ वासियों को मिलेगी नई सड़क

रायगढ़। शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और रेलवे स्टेशन तक आवागमन आसान करने के लिए नए सड़क मार्ग का निर्माण कराया जा रहा है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने प्रस्तावित सड़क निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कार्य की प्रगति और आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए निर्माण कार्य को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए।



■ अग्रसेन चौक से आरपीएफ पोस्ट होते हुए स्टेशन तक पहुंचेगा मार्ग

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए वैकल्पिक मार्गों का विकास जरूरी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सड़क निर्माण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने तथा नागरिकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित मार्ग अग्रसेन चौक से आरपीएफ पोस्ट होते हुए सीधे रेलवे स्टेशन तक पहुंचेगा। इससे स्टेशन जाने वाले लोगों को वर्तमान मार्ग की तुलना में अधिक सीधा और सुविधाजनक रास्ता मिलेगा। नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बताया कि वर्तमान में चक्रधर नगर चौक एवं शहर के अन्य क्षेत्रों से रेलवे स्टेशन जाने वाला यातायात अग्रसेन चौक के बाद रामनिवास टॉकीज, सुभाष चौक और स्टेशन चौक की ओर जाता है। व्यस्त समय में इन क्षेत्रों में यातायात का दबाव बढ़ने से लोगों को परेशानी होती है। नई सड़क बनने के बाद स्टेशन जाने वाले यातायात का बड़ा हिस्सा इस मार्ग से डायवर्ट किया जा सकेगा। इससे सुभाष चौक, रामनिवास टॉकीज और गांधी पुतला क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव कम होने की उम्मीद है। नए मार्ग से रेलवे स्टेशन पहुंचने की दूरी लगभग 500 मीटर तक कम होगी और व्यस्त समय में करीब 10 मिनट तक समय की बचत हो सकेगी। इससे ट्रेन पकड़ने वाले यात्रियों को भी सुविधा मिलेगी। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सीएम हेल्पलाइन 1076 से पेयजल समस्या का समाधान



जशपुरनगर। आम नागरिकों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने व उनके त्वरित निराकरण के लिए सीएम हेल्पलाइन-1076 प्रभावी माध्यम के रूप में कार्य कर रही है। हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभागों तक पहुंचाकर समयबद्ध निराकरण की कार्रवाई की जा रही है। जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखंड के ग्राम तपकरा निवासी ओम प्रकाश ने 26 अगस्त 2026 को सीएम हेल्पलाइन-1076 पर गांव में पेयजल समस्या को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि गांव में लगभग 15 दिनों से पेयजल की समस्या बनी हुई है। मोटर और पाइपलाइन से संबंधित समस्या के कारण करीब 200 घर-परिवार प्रभावित थे। शिकायत प्राप्त होने के बाद संबंधित विभाग की ओर से तत्काल कार्रवाई की गई। ग्राम तपकरा में जलापूर्ति के लिए संचालित रेट्रो जल प्रदाय योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत द्वारा नया मोटर लगाया गया, जिसके बाद जलापूर्ति वापस बहाल कर दी गई।

नशे के खिलाफ बेलजोर में उठी सामूहिक आवाज महिलाओं ने लिया गांव को नशामुक्त बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नशे के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए ग्राम बेलजोर में सामाजिक स्तर पर पहल शुरू की गई है। यहां युवा संकल्प-2 परियोजना के दूसरे चरण का शुभारंभ किया गया।

■ युवा संकल्प-2 की शुरुआत, नशामुक्ति के साथ रोजगार, कौशल व महिला सशक्तिकरण पर जोर

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और महिलाओं ने हिस्सा लिया और गांव को नशामुक्त बनाने की दिशा में मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, गारे पेल्मा कोल माइंस के सीएसआर के तहत जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के सहयोग से आगाज-एक नई पहल संस्था द्वारा यह परियोजना संचालित की जा रही है। कार्यक्रम में रायगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद परियोजना के दूसरे चरण का औपचारिक शुभारंभ किया गया। युवा संकल्प-2 को केवल नशामुक्ति अभियान तक सीमित नहीं रखा गया है। इसके तहत युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने, महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा ग्रामीणों के लिए आजीविका के स्थायी साधन विकसित करने की योजना है। परियोजना में स्कूल छोड़ चुके बच्चों को दोबारा शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने पर भी जोर दिया जाएगा। ऐसे विद्यार्थियों को ओपन स्कूल के माध्यम से 10वीं और 12वीं की पढ़ाई पूरी करने के लिए प्रोत्साहित और सहयोग किया जाएगा। कार्यक्रम में एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस की कार्रवाई तक सीमित नहीं हो सकती। परिवार, स्कूल, युवा, महिलाएं और पूरा समुदाय मिलकर ही नशामुक्त वातावरण तैयार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नशे का असर केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य तक नहीं रहता, बल्कि इससे अपराध, घरेलू विवाद, आर्थिक परेशानी और सड़क दुर्घटनाओं जैसी समस्याएं भी बढ़ती हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने गांव में नशे को जगह न देने के लिए सामूहिक प्रयास करें। एसएसपी ने महिलाओं की भूमिका को अहम बताते हुए कहा कि महिलाएं परिवार और समाज की मजबूत आधारशिला हैं। यदि महिलाएं संगठित होकर नशे के खिलाफ अभियान चलाती हैं तो इसका सीधा प्रभाव युवाओं और परिवारों पर पड़ेगा।



बच्चों ने नाटक और नृत्य से दिया संदेश

कार्यक्रम में बेलजोर के बच्चों ने नशामुक्ति और स्वच्छता पर आधारित नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियां दीं। वहीं कोडकेल के स्कूल की छात्राओं ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान 'युवा संकल्प' के पहले चरण में सक्रिय भूमिका निभाने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। परियोजना की सीएसआर प्रमुख रंजना नाग ने बताया कि दूसरे चरण का उद्देश्य नशामुक्ति के साथ शिक्षा, कौशल, रोजगार और सामाजिक जागरूकता के जरिए ग्रामीण समुदाय को मजबूत बनाना है। कार्यक्रम में आगाज-एक नई पहल की टीम, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

कार्रवाई के विरोध में पटवारियों का प्रदर्शन, मिनी स्टेडियम से कलेक्टोरेट तक निकाली रैली

रायगढ़। राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के आह्वान पर सोमवार को रायगढ़ जिले सहित प्रदेशभर के पटवारियों ने सामूहिक अवकाश लेकर कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन किया। रायगढ़ में बड़ी संख्या में पटवारी मिनी स्टेडियम में एकत्र हुए। यहां उन्होंने संघ के पदाधिकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई का विरोध जताते हुए नारेबाजी की। इसके बाद पटवारियों ने मिनी स्टेडियम से कलेक्टोरेट तक रैली निकाली और प्रशासन के समक्ष अपना विरोध दर्ज कराया।

पटवारियों का कहना है कि संघ की ओर से 21 सितंबर 2026 को शासन के समक्ष ज्ञापन सौंपकर कामकाज के दौरान सामने आने वाली व्यवहारिक समस्याओं के निराकरण की मांग की गई थी। संघ के अनुसारए इसी ज्ञापन के बाद राज्य अध्यक्ष सहित जिला पदाधिकारियों और अन्य सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही



है। संगठन ने इसे लेकर नाराजगी जताते हुए कार्रवाई वापस लेने की मांग की है। संघ के मुताबिक जिले के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय की ओर से प्रदेश अध्यक्ष भागवत प्रसाद कश्यप को पूर्व में किए गए कार्यों से संबंधित कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। संघ का कहना है कि संबंधित अवधि में वे तहसील मुकड़ेगा और अनुविभाग तमनार में पदस्थ थे तथा मामले में कार्यालय स्तर पर जवाब भी प्रस्तुत किया जा चुका है। इसके बावजूद करीब 18 महीने बाद उसी अवधि को लेकर दोबारा नोटिस जारी किए जाने से पटवारियों में असंतोष है। मिनी स्टेडियम में प्रदर्शन के दौरान पटवारियों ने अपनी मांगों और कार्रवाई के विरोध में आवाज बुलंद की। इसके बाद रैली के रूप में कलेक्टोरेट पहुंचकर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। पटवारी संघ ने कहा कि आंदोलन का उद्देश्य शासन.प्रशासन का ध्यान कार्रवाई के मामले की ओर आकर्षित करना और संगठन के पदाधिकारियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई पर पुनर्विचार की मांग करना है। पटवारियों के सामूहिक अवकाश और धरना.प्रदर्शन के चलते रायगढ़ सहित जिले की विभिन्न तहसीलों में राजस्व विभाग से जुड़े नियमित कामकाज प्रभावित रहे। पटवारियों के मैदानी स्तर पर उपलब्ध नहीं रहने से राजस्व संबंधी कार्यों के लिए पहुंचे लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।



धोबी समाज ने सामाजिक एकता अभियान का किया शुभारंभ

रायगढ़। छत्तीसगढ़ धोबी समाज ने समाज में व्याप्त फिरकापरस्ती, सामाजिक भेदभाव और जबरिया दंड प्रथा को समाप्त करने तथा सामाजिक एकता और न्याय को मजबूत करने के उद्देश्य से सामाजिक एकता अभियान का शुभारंभ किया। अभियान का श्रीगणेश प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर, प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास निर्मलकर, सामाजिक चिंतक संतराम कन्नौजे और प्रदेश कोषाध्यक्ष गणेशराम निर्मलकर ने किया। समाज पदाधिकारियों ने कहा कि सामाजिक एकता के लिए फिरकापरस्ती समाप्त करना और सामाजिक न्याय में होने वाले भेदभाव के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाना आवश्यक है। इसी उद्देश्य को मूर्त रूप देने के लिए समाज ने अभियान की शुरुआत की है। समाज ने निर्णय लिया है कि यदि समाज के अंतर्गत झोरिया.कनौजिया समाज के बीच रोटी.बेटी का संबंध होता है और किसी संगठन या खाप पंचायत के मुखिया द्वारा संबंधित परिवार को जबरिया दंडित किया जाता हैए तो पीड़ित परिवार तहसीलए जिला अथवा प्रदेश स्तर के समाज के समक्ष शिकायत कर सकता है। शिकायत मिलने पर समाज संबंधित मामले में आवश्यक कार्रवाई करेगा।

एफआईआर निरस्त करने व निष्पक्ष जांच की मांग

शिक्षकों पर एफआईआर, अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन ने एसएसपी से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासकीय परीक्षा के दौरान सामने आए विवाद को लेकर अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन एवं शिक्षकों ने कलेक्टर व एसएसपी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होनं दोनों शिक्षकों के खिलाफ दर्ज हुए अपराध को निरस्त करने सहित इस मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने सौंपे गए ज्ञापन में कर्मचारियों और शिक्षकों ने अपनी भूमिका को परीक्षा अनुशासन, गोपनीयता और सुरक्षा से जुड़ी प्रक्रिया के संदर्भ में देखने का आग्रह किया है। इस दौरान बताया गया कि संबंधित शिक्षक परीक्षा के दौरान शासन के नियमों, परीक्षा की गोपनीयता, अनुशासन, सुरक्षा और निष्पक्षता को प्राथमिकता देते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे थे। उन्होंने इस बात को स्पष्ट किया कि परीक्षा के दौरान अपनाई गई प्रक्रिया का उद्देश्य किसी विद्यार्थी, अभिभावक, संगठन या समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था। उनकी ओर से जानबूझकर किसी व्यक्ति की धार्मिक, सामाजिक अथवा व्यक्तिगत भावना आहत करने के उद्देश्य से कोई कार्रवाई नहीं की गई। परीक्षा की गंभीरता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्कालीन परिस्थितियों में जो कदम उठाए गए, उन्हें सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा था। यह भी कहा गया है कि यदि इस प्रक्रिया के दौरान किसी व्यक्ति को असुविधा हुई अथवा किसी प्रकार की गलतफहमी पैदा हुई तो उसके लिए कर्मचारी एवं शिक्षक खेद व्यक्त करते हैं। उनका कहना है कि घटना को लेकर समाज में अनावश्यक तनाव या वैमनस्य पैदा होना किसी के हित में नहीं है। फेडरेशन ने प्रशासन से पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक परिस्थितियों को सामने लाने की मांग की है। यदि प्रक्रिया के पालन में कहीं कमी रही हो तो उसे समझाइश और संवाद के माध्यम से दूर करने का आग्रह भी फेडरेशन ने किया। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन से सभी पक्षों के बीच संवाद स्थापित कर मामले का सम्मानजनक एवं सौहार्दपूर्ण समाधान कराने की अपील की है। इसके साथ ही उन्होंने दर्ज किए गए एफआईआर को निरस्त करने की मांग की है। बता दें कि इस मामले में एक महिल व पुरूष शिक्षक के खिलाफ कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी, इसी बात को लेकर विवाद बढ गया था।

शासकीय राशन दुकान से 50 हजार के खाद्यान्न की चोरी

दरिमा। ग्राम पंचायत बेलखरिखा स्थित शासकीय राशन दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने 50 हजार से अधिक का खाद्यान्न पार कर दिया। राशन दुकान संचालक ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। राशन दुकान संचालन ने बताया कि 4 अक्टूबर की रात्रि दुकान का ताला तोड़कर 16 बोरी चावल, 4.5 क्विंटल शक्कर, दो बोरी में रखा 76 किलो चना पार कर दिया।

ज्ञानेश कुमार का किया पुतला दहन

वोट बचाओ देश बचाओ मार्च में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के तहत मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष शाखा यादव व ग्रामीण अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी के संयुक्त नेतृत्व में वोट बचाओ देश बचाओ मार्च निकाला गया। पूरे कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस की सह प्रभारी श्रीमती जरिता जैतफलांग जी की विशेष उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत जिला कांग्रेस भवन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस से हुई। प्रेस कांफ्रेंस को प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी जरिता जैतफलांग खरसिया विधायक व पूर्व मंत्री उमेश पटेल, लैलूंगा विधायक श्रीमती विद्यावती सिदार, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पूर्व अध्यक्ष मुमताज भारती, ट्रेड यूनियन कौंसिल नेता गणेश कछवाहा सहित अन्य नेताओं ने संबोधित



किया इसके पश्चात कांग्रेस भवन से वोट बचाओ देश बचाओ मार्च निकाला गया। मार्च में कांग्रेसजनों ने ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो वोट चोर गद्दी छोड़ ज्ञानेश कुमार को गिरफ्तार करो जैसे जोरदार नारों के साथ गांधी प्रतिमा स्थल पहुंचे। गांधी प्रतिमा स्थल पर आयोजित सभा में कांग्रेस नेताओं के अलावा रायगढ़ बचाओ संघर्ष मोर्चा, ट्रेड यूनियन, कर्मचारी संघ, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, प्रगति लेखक संघ, सहित अनेक बुद्धिजीवी वरिष्ठों ने निर्वाचन प्रक्रिया, मतदाता अधिकार और लोकतांत्रिक संस्थाओं की जवाबदेही से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखते हुए वर्तमान समय में लोकतंत्र की किस तरह से अवहेलना की जा रही है इस पर चिंता जाहिर की। सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती जरिता जैतफलांग ने कहा कि लोकतंत्र में जनता अपने वोट के माध्यम से सरकार चुनती है। ऐसे में निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर जनता के मन में उठ रहे सवालों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती, मतदाता के अधिकार और निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग को लेकर देशभर में आवाज उठा रही है। उन्होंने कांग्रेसजनों से कहा कि यह मुद्दा केवल पार्टी संगठन तक सीमित न रहे, हर मतदाता तक लोकतंत्र और उसके मताधिकार की अहमियत पहुंचनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता के वोट की ताकत को कमजोर करने वाली किसी भी परिस्थिति पर लोकतांत्रिक तरीके से सवाल उठाना विपक्ष का लोकतांत्रिक अधिकार है।



पोस्टपोन हुई 'उड़ता तीर' 23 अक्टूबर को होगी रिलीज

मुंबई। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की फिल्म 'उड़ता तीर' लगातार चर्चा में बनी हुई है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। अब दर्शकों को फिल्म की रिलीज का इंतजार है। फैंस को फिल्म का और इंतजार करना पड़ेगा, क्योंकि फिल्म की रिलीज डेट को फिर से आगे बढ़ा दिया गया है। ये दूसरी बार है जब फिल्म की रिलीज को पोस्टपोन किया गया है। पहले फिल्म को 9 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना था। लेकिन अब फिल्म की डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। फिल्म को आगे बढ़ाकर 23 अक्टूबर कर दिया गया है। उड़ता तीर को 11 सितंबर को रिलीज किया जाना था।

लाइफ Style

जान्हवी

डीपफेक वीडियो पर जताई नाराजगी

अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने अपनी फिल्म 'देवरा: पार्ट 1' के गाने 'चुट्टामल्ले' पर बनाए गए कथित एआई जनरेटेड अश्लील डीपफेक वीडियो को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

जान्हवी सोशल मीडिया पर बयान जारी कर बिना अनुमति महिलाओं की तस्वीरों और वीडियो को आपत्तिजनक तरीके से एडिट कर प्रसारित किए जाने की आलोचना की। जान्हवी ने कहा कि तकनीक का इस तरह गलत इस्तेमाल महिलाओं की गरिमा और निजता का गंभीर उल्लंघन है।जान्हवी कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपना बयान साझा किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनकी इच्छा के बिना आपत्तिजनक कंटेंट में दिखाना बेहद गंभीर मामला है। अभिनेत्री ने ऐसे कंटेंट को तैयार करने और फैलाने की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कहा कि यह आपराधिक कृत्य यौन उत्पीड़न के समान है। जान्हवी ने कहा कि महिलाओं को केवल एक वस्तु की तरह पेश करना और उनकी सहमति के बिना एडिटेड कंटेंट तैयार कर उसे इंटरनेट पर फैलाना स्वीकार नहीं किया जा सकता। उनके मुताबिक, एआई जैसी तकनीक का इस्तेमाल रचनात्मक काम के लिए किया जा सकता है, लेकिन किसी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी छवि का आपत्तिजनक इस्तेमाल गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं सिर्फ फिल्म इंडस्ट्री तक सीमित नहीं हैं।



हॉलीवुड मसाला



भारत की मेहमान नवाजी ने

जीता दिल

लॉस एंजेलिस। मशहूर अमेरिकी यूट्यूबर मिस्टर बीस्ट बीते दिनों भारत यात्रा पर आए थे। यहां वे रणबीर कपूर की आगामी फिल्म 'रामायण' के इवेंट में भी शामिल हुए। अब मिस्टर बीस्ट ने भारत यात्रा की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने इस यात्रा को शानदार बताया है। अमेरिका के मशहूर यूट्यूबर मिस्टरबीस्ट ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने तस्वीरों के जरिए अपनी भारत यात्रा की झलक दिखाई है। तस्वीरों में उनके साथ बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर, क्रिकेटर हार्दिक पांड्या और मशहूर भारतीय यूट्यूबर अजेय नागर और पायल धारे नजर आ रहे हैं।



एवेंजर्स- एंडगेम एनकोर फिर टॉप पर पहुंची फिल्म

लॉस एंजेलिस। हाल ही में सिनेमाघरों में फिल्म 'एवेंजर्सः एंडगेम' को 'एवेंजर्सः एंडगेम एनकोर' टाइटल के साथ दोबारा रिलीज किया गया। फिल्म ने देश में तो कोई खास कमाई नहीं की पर दुनियाभर में इसने खूब कलेक्शन किया। इसके साथ ही अब यह फिल्म 'अवतार' को पछाड़कर कर दुनियाभर की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। 'एंडगेम एन्कोर' को लेकर फिल्ममेकर्स ने कहा कि उन्हें यह देखकर बेहद खुशी हुई कि दर्शक एक बार फिर फिल्म देखने के लिए सिनेमाघरों का रुख कर रहे हैं। मेकर्स ने एक पोस्ट के जरिए कहा, 'हमारे लिए 'एवेंजर्सः एंडगेम' बनाने का सबसे पसंदीदा अनुभव यही था कि जब फिल्म रिलीज हुई, तब हम दर्शकों के साथ सिनेमाघरों में बैठे थे।



हेली का 'इश्का-इश्का' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। अभिनेत्री हेली शाह की आगामी वेब सीरीज 'इश्का इश्का' रिलीज को लेकर तैयार है। सोमवार को मेकर्स ने सीरीज का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। यह सीरीज प्यार के गहरे, जुनूनी और डार्क पक्ष को उजागर करती है। ट्रेलर में आरोही (हेली), कबीर (सत्यजीत दुबे) और सुहानी (अनुष्का कौशिक) की कहानी दिखाई गई है, जो तीन जिंदगियां हैं और एक उलझे हुए इमोशनल रिश्ते में फंसी हुई हैं। ट्रेलर में मुख्य रूप से कबीर (सत्यजीत दुबे) नामक एक लेखक की कहानी दिखाई गई है, जो दो अलग-अलग रिश्तों के बीच फंस जाता है। सुहानी (अनुष्का कौशिक) उसके जीवन में स्थिरता और विश्वास लेकर आती है लेकिन तभी उसके अतीत से आरोही (हेली) की वापसी होती है। हेली शाह इस सीरीज में 'आरोही' का एक बेहद अप्रत्याशित और गहरा किरदार निभा रही हैं।



सल्लू की 'मातृभूमि' को मिली एनओसी

मुंबई। सलमान खान की आगामी वॉर-ड्रामा फिल्म 'मातृभूमि' को सरकार की ओर से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट यानी एनओसी मिल गई है। अब फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की मंजूरी का इंतजार है। फिल्म की कहानी भारत और चीन के बीच 2020 में हुए सैन्य टकराव की पृष्ठभूमि पर आधारित बताई जा रही है। सरकार की आपत्तियों के बाद फिल्म में कुछ बदलाव किए गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्माताओं ने फिल्म का संशोधित वर्जन सूचना और प्रसारण मंत्रालय को सौंपा था। मंत्रालय को नए वर्जन पर कोई आपत्ति नहीं रही, जिसके बाद फिल्म को एनओसी दे दी गई। अब फिल्म की रिलीज के लिए अगला महत्वपूर्ण चरण सीबीएफसी की मंजूरी है। अगर 13 नवंबर की तारीख तय होती है तो फिल्म दिवाली के बाद सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है।

टीवी मसाला

विनर घोषित होने पर भावुक हुए अविनाश

मुंबई। रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' के 15वें सीजन के विजेता अविनाश मिश्रा बने हैं। इस शो को रोहित शेट्टी होस्ट करते हैं। रविवार को रोहित ने विजेता के रूप में अविनाश के नाम का ऐलान किया तो एक्टर भावुक हो गए।



बता दें कि अविनाश मिश्रा ने ग्रैंड फिनाले में अभिनेता ऋत्विक धनजानी और ओरहान अवत्रामणि (ओरी) को हराया है। ट्रॉफी पर कब्जा जमाने के बाद उन्होंने अपनी खुशी शेयर की है। कई महीनों तक चले मुश्किल स्टंट और चुनौतीपूर्ण टास्क के बाद अविनाश मिश्रा रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' के विनर बने हैं। होस्ट रोहित शेट्टी से ट्रॉफी लेते समय एक्टर की आंखों में आंसू आ गए। बता दें कि स्टंट-बेस्ड रियलिटी शो पिछले साल प्रसारित नहीं हुआ था। करीब दो साल के अंतराल के बाद अपनी इसने वापसी की। अविनाश के ट्रॉफी जीतने के साथ ही इस सीजन का अंत हो गया। ऋत्विक धनजानी और ओरहान अवत्रामणि (ओरी) क्रमशः पहले और दूसरे रनर-अप रहे। विनर के रूप में अविनाश के नाम का ऐलान रोहित शेट्टी ने किया। अपना नाम सुनते ही वे रोने लगे। इसके बाद अविनाश ने अपनी इस कामयाबी के बारे में बात करते हुए रोहित शेट्टी से कहा कि पिछले दस वर्षों में उन्हें कई किरदारों के लिए नॉमिनेट किया गया। वे कई अवॉर्ड फंक्शन में शामिल हुए, लेकिन यह पहली बार था जब उन्होंने सच में कोई अवॉर्ड जीता।

मेरी कोई बेनामी संपत्ति नहीं



मुंबई। आयकर विभाग की छापेमारी के सप्ताहभर बाद सोमवार को रुकल प्रीत सिंह ने चुप्पी तोड़ी है। रकुल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर कहा कि वे पूरी ईमानदारी से टैक्स भरती हैं। वे एक जिम्मेदार नागरिक हैं। साथ ही सेना की पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखती हैं। रकुल प्रीत सिंह के हालिया पोस्ट में उनका दुख छलका है। उन्होंने कुछ ऑनलाइन रिपोर्टर पर बिना तथ्यों के खबरों की सनसनी बनाने का आरोप लगाया है। रकुल ने आईडी रेड को लेकर लिखा है, 'वह तलाशी मेरे बारे में नहीं थी। मैं बताना चाहती हूं कि मैं आर्म्ड फोर्सेज (सशस्त्र बलों) की पृष्ठभूमि से आती हूं। इंडस्ट्री में मेरा कोई 'गॉडफादर' नहीं था। मैंने अपनी कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है और कानून का पालन करने वाले एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर 20 साल की उम्र से ही अपने टैक्स भरती आ रही हूं'।

ऋचा ने 2026 को नहीं माना कंटेंट सिनेमा का साल

मुंबई। अगस्त में रिलीज हुई फिल्म 'हनुमान अंश' को जल्द सिनेमाघरों में दो महीने पूरे होने वाले हैं। इन दो महीनों में यह फिल्म भारत में 300 करोड़ से ज्यादा और वर्ल्डवाइड 400 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस कर चुकी है। अब इसकी सक्सेस पर अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने अपनी राय दी है। एक्ट्रेस का मानना है कि साल 2026 को कंटेंट आधारित सिनेमा के लिए बड़ा साल कहना अभी जल्दबाजी होगी। सिर्फ इतना ही नहीं, एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि ये निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी कि



भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में दर्शकों की पसंद में कोई बड़ा बदलाव आया है। अभिनेत्री ने 2026 को कंटेंट के लिए लैंडमार्क साल मानने की बात से असहमति जताई। ऋचा ने कहा, 'अगर यह 'हनुमान अंश' के संदर्भ में है, तो वह अलग बात है। इस साल और क्या चला है। 'ऑब्सेशन' हॉलीवुड की फिल्म है, इसलिए हम उसकी तुलना अपनी फिल्मों से नहीं कर सकते। ऋचा ने आगे कहा, 'पौराणिक फिल्में वैसे भी अच्छा करती हैं। धार्मिक या पौराणिक चीजें सभी के लिए सुरक्षित होती हैं। ये तो लोग देखते ही हैं। यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि कुछ अच्छा हो रहा है।

'सत्यवान सावित्री' की नई डेट का ऐलान

चेन्नई। डायरेक्टर प्रवीण एस. विजय की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'सत्यवान सावित्री' की नई रिलीज डेट सामने आ गई है। कीर्ति सुरेश और डायरेक्टर मिश्किन की लीड रोल वाली इस फिल्म को अब दुनियाभर के सिनेमाघरों में 20 नवंबर को रिलीज किया जाएगा। इसकी जानकारी फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए दी। फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे बैनर ड्रमस्टिक्स प्रोडक्शंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, अब और खामोशी नहीं। सावित्री की लड़ाई शुरू होती है। मेकर्स ने बताया कि 'सत्यवान सावित्री' 20 नवंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें कि फिल्म की रिलीज पहले 24 जुलाई को तय की गई थी, लेकिन बाद में मेकर्स ने रिलीज डेट टाल दी।

एआई से मेरी तस्वीरों में न करें बदलाव

मुंबई। नेशनल अवॉर्ड विनिंग एक्ट्रेस यामी गौतम ने मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से उनकी तस्वीरों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई के जरिए किसी भी तरह की छेड़छाड़ या बदलाव नहीं करने की अपील की है। एक्ट्रेस ने कहा कि सार्वजनिक कार्यक्रमों में ली गई उनकी तस्वीरों को उसी मूल रूप में इस्तेमाल किया जाए। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब सेलिब्रिटीज की एआई जनरेटेड तस्वीरों, डीपफेक और आपत्तिजनक कंटेंट को लेकर लगातार विवाद सामने आ रहे हैं। यामी गौतम ने एक पोस्ट शेयर करते हुए मीडिया से खास तौर पर अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान खींची गई उनकी तस्वीरों को एआई की मदद से बदलने, सुधारने या किसी अन्य तरीके से एडिट करने से बचा जाए। यामी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि मीडिया से उनका विनम्र अनुरोध है कि सार्वजनिक कार्यक्रमों में ली गई उनकी तस्वीरों को एआई के जरिए बदलने या बेहतर बनाने से बचा जाए। उन्होंने कहा कि तस्वीरों का इस्तेमाल उनके मूल रूप में ही किया जाना चाहिए।



इस सप्ताह ओटीटी पर मिलेगा मनोरंजन भरपूर खजाना

मुंबई। सिनेमाघरों में 'दृश्यम 3' लगी हुई है। इस हफ्ते भी थिएटर में कॉमेडी का तड़का लगाने 'उड़ता तीर' की आमद होगी । मगर, ओटीटी पर भी खजाना भरपूर मिलेगा। इस हफ्ते डिजिटल प्लेटफॉर्म पर परिणीति चोपड़ा की इन्वेस्टिगेशन थ्रिलर से लेकर तमिल भाषा की एक्शन फिल्म तक, कई शानदार विकल्प रहेंगे।

सुपर बूमी : यह एक एनिमेटिड सीरीज है, जो 5 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह पारिवारिक मनोरंजन सीरीज है। इसमें बूमी और उसके दोस्तों ने अपनी एक वर्चुअल गेमिंग दुनिया बनाई है, जहां उनका सामना नई-नई चुनौतियों और एडवेंचर्स से होता है।

मंदादि : यह तमिल भाषा की स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा फिल्म है। यह 10 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसने शानदार प्रदर्शन किया। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। सूरी और सुहास अभिनीत यह फिल्म 8 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।



बिलो : यह कनाडाई थ्रिलर वेब सीरीज है, जो 8 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। जोश हार्टनेट, मैकेंजी डेविस और चार्ली हीटन अभिनीत यह सीरीज समुद्र किनारे बसे एक छोटे से शहर की कहानी पर आधारित है।

'रिपोर्टिंग लाइव' : अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा की फिल्म 'रिपोर्टिंग लाइव' इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह 9 अक्टूबर को दस्तक देगी। इसमें वे पत्रकार की भूमिका में नजर आएंगी और अवैध रेत खनन का पर्दाफाश करेंगी। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

आवारापन 2 : इमरान हाशमी अभिनीत फिल्म 'आवारापन 2' ने सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन किया। इसके बाद इसे ओटीटी पर भी रिलीज किया गया। अब यह मासिक सब्सक्रिप्शन वाले यूजर्स के लिए भी 9 अक्टूबर से उपलब्ध रहेगी। इसे प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है।

टेक चार्ज ऑफ माय हार्ट: अगर के-ड्रामा सीरीज में आपकी दिलचस्पी है तो यह सीरीज आपके लिए है। इसे 09 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर देख सकेंगे। इसकी कहानी एक बड़े कारोबारी घराने के वारिस की है, जिसके शरीर में आर्टिफिशियल हार्ट लगा है। उसकी जिंदगी में एक लड़की आती है।

एनिमल्स : यह एक अमेरिकी क्राइम थ्रिलर फिल्म है। बेन अफ्लेक निर्देशित 'एनिमल्स' 9 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसमें अफ्लेक, केरी वाशिंगटन, जिलियन एंडरसन, एड्रियाना पाज और लुइस गेरार्डो मेंडेज हैं।

स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे : टॉम हॉलैंड अभिनीत मार्वल्स की 'स्पाइडर-मैन-ब्रांड न्यू डे' भी इस वीक ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। दर्शक इसे 6 अक्टूबर 2026 से प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

खबर संक्षेप

उत्कृष्ट कार्य करने वाले 23 कर्मचारी सम्मानित

रायगढ़। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने सितंबर महीने में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 23 कर्मचारियों को सम्मानित किया। सभी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में विभागीय कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। कर्मचारियों की जिम्मेदारी, ईमानदारी और निरंतर प्रयासों से ही योजनाओं का प्रभाव जमीनी स्तर पर दिखाई देता है। उन्होंने सम्मानित कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि उत्कृष्ट कार्य की सराहना से कर्मचारियों का उत्साह बढ़ता है और अन्य कर्मचारियों को भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि जिले में शासकीय सेवाओं की गुणवत्ता और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करें।

मिलेगा दानवीर भामाशाह सम्मान

रायगढ़। राज्योत्सव के अवसर पर दानशीलता, सौहार्द एवं अनुकरणीय सामाजिक सहायता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति अथवा संस्था को प्रतिवर्ष दानवीर भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया जाता है। वर्ष 2026 के लिए सम्मान दी जाएगी। जिले के पात्र व्यक्ति एवं संस्थाएं 3 दिवस के भीतर आवश्यक दस्तावेजों सहित अपनी प्रविष्टि कार्यालय समाज कल्याण प्रस्तुत कर सकते हैं।

छात्रवृत्ति के लिए 30 तक आवेदन

रायगढ़। मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2026-27 के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के तहत राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों में प्रवेश लेकर अध्ययन कर रहे प्रतिभावान विद्यार्थियों को तात्कालिक आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। पात्र विद्यार्थियों को निर्धारित प्रपत्र में ऑफलाइन आवेदन 30 अक्टूबर तक जिले के संबंधित सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय में जमा करना होगा।

अब तक 10 हजार 713 को लगा एचपीवी टीका

रायगढ़। जिले में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिले में लक्ष्य में से अब तक 10,713 किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई जा चुकी है। वहीं टीकाकरण के लिए निर्धारित 2,196 सत्रों में से 1,976 सत्र आयोजित किए जा चुके हैं।

आंबा केंद्रों में खिलौना दान करने आगे आ रहे लोग

रायगढ़। सेवा संकल्प अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिलेभर के आंगनबाड़ी केंद्रों में 25 सितंबर से आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान बच्चों के लिए खिलौना बैंक को समृद्ध करने के लिए लोगों ने खिलौने दान किए। इससे बच्चों को खेल.खेल में सीखने और रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

15 दिन का अल्टीमेटम, काम में प्रगति नहीं आई तो ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई

अस्पताल निर्माण में देरी, कलेक्टर ने लगाई ठेकेदार को फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



गायनिक वार्ड ऑपरेशन थिएटर के काम में तेजी के निर्देश

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने मंगलवार को जिला अस्पताल में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान निर्माण कार्य में देरी और अपेक्षित प्रगति नजर नहीं आने पर ठेकेदार को जमकर लताड़ लगाई। ठेकेदार को 15 दिन का अल्टीमेटम देते हुए कार्य प्रगति में लाने की हिदायत दी। इस दौरान उन्होंने गायनिक वार्ड और ऑपरेशन थिएटर के लिए किए जा रहे जीर्णोद्धार कार्यों की स्थिति का जायजा लिया और निर्माण की प्रगति की जानकारी ली।

निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर कलेक्टर ने संबंधित ठेकेदार के प्रति नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने पर्याप्त मानव संसाधन बढ़ाकर कार्य में तेजी लाने तथा 15 दिवस के भीतर अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि में कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं मिली तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्यों को जून माह तक पूर्ण किया जाना था, लेकिन निर्धारित समय.सीमा के बाद भी कार्य पूरा नहीं होना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने संबंधित विभाग को ठेकेदार को नोटिस जारी करने तथा आवश्यकता पड़ने पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। मरीजों की सुविधा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए किए जा रहे निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एक सप्ताह में शुरू होगी केजीएच फार्मेसी

कलेक्टर ने केजीएच फार्मेसी का भी अवलोकन किया। उन्होंने लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा कर एक सप्ताह के भीतर फार्मेसी शुरू करने के निर्देश दिए, ताकि आम लोगों को अस्पताल परिसर में ही आवश्यक दवाइयां उपलब्ध हो सकें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में लिया जल संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सेवा संकल्प अभियान के तहत 2 अक्टूबर को जिले के विभिन्न ग्रामों में जल अर्पण दिवस मनाया गया। कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को जल के महत्व, संरक्षण और संवर्धन के प्रति जागरूक करते हुए गांवों के जल स्त्रोतों को सुरक्षित रखने तथा पानी की प्रत्येक बूंद का सदुपयोग करने का संकल्प दिलाया गया। विभिन्न ग्रामों में आयोजित कार्यक्रमों में ग्रामीणों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। जागरूकता रैलियों के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण का संदेश दिया गया। जल है तो कल है जैसे नारों के साथ ग्रामीणों को वर्षा जल के संरक्षण, जल स्त्रोतों की स्वच्छता और उनके संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रमों में ग्रामीणों को दैनिक जीवन में पानी के विवेकपूर्ण उपयोग तथा भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जल संरक्षण के उपायों की जानकारी दी गई। जल संरक्षण के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एफटीके फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण भी किया गया।

मिडिल स्कूल बोड़ा के खिलाड़ियों ने जीता 3 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा



जगदलपुर में आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता में बिलाईगढ़ ब्लॉक के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बोड़ा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण, 2 रजत एवं 1 कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय, गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया। अंडर.14 बालिका वर्ग में विद्यालय की प्रतिभावान खिलाड़ी विजयलक्ष्मी पिता सफेदलाल ने लंबी कूद में स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने अपनी बहुआयामी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 400 मीटर एवं 600 मीटर दौड़ में रजत पदक तथा 400×100 मीटर रिले दौड़ में स्वर्ण पदक भी अपने नाम किया। इसी विद्यालय की खिलाड़ी प्रतिमा, पिता धनेश्वर प्रसाद ने ऊंची कूद में कांस्य पदक तथा 400×100 मीटर रिले दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इन खिलाड़ियों की सफलता के पीछे उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन और नियमित अभ्यास महत्वपूर्ण रहा। सीमित संसाधनों के बावजूद खिलाड़ियों ने रोज सुबह और शाम नियमित रूप से अभ्यास किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के पीछे विद्यालय के शिक्षकों एवं खेल प्रशिक्षकों के निरंतर सहयोग, मार्गदर्शन, मेहनत और प्रोत्साहन की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तीसरे दिन फुटबॉल का रोमांच चरम पर, बस्तर बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़



सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान में आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तीसरे दिन मंगलवार को फुटबॉल का रोमांच चरम पर रहा। प्रदेश के पांचों संभागों से आए अंडर.14 बालक खिलाड़ियों ने जीत के लिए मैदान में पूरी ताकत झोंक दी। गेंद पर कब्जा जमाने की होड़, विपक्षी रक्षापंक्ति को भेदने की कोशिश, सटीक पास और गोल बचाने के लिए खिलाड़ियों की फुर्ती ने मुकाबलों को रोमांचक बनाए रखा। कड़ी मेहनत लगन और बेहतर तालमेल के दम पर बस्तर संभाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर.14 बालक फुटबॉल में प्रथम स्थान हासिल कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में रायपुर संभाग ने संघर्षपूर्ण प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि बिलासपुर संभाग ने तृतीय स्थान पर कब्जा जमाया। सरगुजा संभाग चौथे और दुर्ग संभाग पांचवें स्थान पर रहा। मैदान में खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और हर टीम ने अंतिम क्षण तक मुकाबला अपने पक्ष में करने के लिए पूरा जोर लगाया। फुटबॉल प्रतियोगिता के पिछले मुकाबलों में भी बस्तर के खिलाड़ियों ने अपने आक्रामक तेवर दिखा दिए थे। बस्तर ने रायपुर को 4.1 से पराजित करने के बाद सरगुजा के खिलाफ शानदार खेल दिखाते हुए 7.1 के बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी। तेज आक्रमण, सटीक पास और मिले अवसरों को गोल में बदलने की क्षमता बस्तर की ताकत बनकर सामने आई। खिलाड़ियों ने मैदान के दोनों छोर पर बेहतर तालमेल दिखाया और लगातार विपक्षी टीम पर दबाव बनाए रखा। अन्य मुकाबलों में बिलासपुर ने रायपुर को 3.1 से पराजित किया थाए जबकि सरगुजा ने दुर्ग को 3.1 से मात दी थी। बिलासपुर और दुर्ग के बीच हुए संघर्षपूर्ण मुकाबले में बिलासपुर ने 2.1 से जीत दर्ज की। इन मुकाबलों के बाद आगे बढ़ी प्रतिस्पर्धा में टीमों ने अपनी रणनीति और खेल कौशल के दम पर स्थान बनाने के लिए जोरदार संघर्ष किया। तीसरे दिन परिणाम सामने आने के साथ बस्तर ने शीर्ष स्थान अपने नाम किया और रायपुर ने दूसरा स्थान हासिल किया।

टपरंगा में प्रीमियर लीग का आयोजन, दस टीमें लेंगी हिस्सा

रायगढ़। क्षेत्र के क्रिकेट प्रतिभाओं को बेहतर मंच देने व उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए ग्राम टपरंगा में जिंदल फाउंडेशन के सहयोग से टपरंगा प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। लीग आधार पर खेली जाने वाली इस प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ जेपीएल माइंस के सीईओ व प्रेसीडेंट ओमप्रकाश, ईवीपी संदीप सांगवान, वीपी विजय जैन व अन्य अतिथियों की उपस्थिति में किया गया। खम्हारी 11 बिजना और वीर 11 के बीच खेला गया। जिसमें वीर इलेवन की टीम ने बाजी मारी। टपरंगा प्रीमियर लीग का शुभारंभ सीईओ व प्रेसीडेंट ओमप्रकाश, ईवीपी संदीप सांगवान, वीपी विजय जैन व अन्य अतिथियों द्वारा भारत माता की प्रतिमा के सामने दीप जलाकर किया गया। इसके बाद यूपी स्कूल प्ले ग्राउंड टपरंगा में इस प्रतियोगिता का शुभारंभ फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सीईओ व प्रेसीडेंट ओमप्रकाश ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की क्रिकेट प्रतियोगिता युवाओं को जोड़ने का काम करती है। खेल से युवाओं का मानसिक, शारीरिक विकास होता है साथ ही क्षेत्र में एक माहौल भी बनता है उन्होंने बताया कि जिंदल पॉवर द्वारा घरघोड़ा में जिंदल क्रिकेट एकादमी का संचालन भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि माइंस एरिया में इस तरह की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होते रहना चाहिए। उन्होंने आष्वासन दिया कि ऐसे आयोजनों के लिए जिंदल पॉवर हमेशा सहयोग करता रहेगा। ईवीपी संदीप सांगवान ने कहा कि खेल से युवाओं का विकास होता है। इस तरह के खेलों का आयोजन कर प्रतिभाओं को चिन्हित किया जाए ताकि उन्हें आगे बढ़ने का मौका मिल सके। क्षेत्र के खिलाड़ियों का चयन बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए भी हो ऐसा प्रयास करना चाहिए। वीपी विजय जैन ने खिलाड़ियों को मोटिवेट करते हुए कहा कि क्षेत्र में पहली बार इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है इससे आने आने वाले सालों में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी।



विद्यार्थियों को मिली राहत अब जरूरी दस्तावेजों के लिए नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर

रायगढ़। विद्यार्थियों और अभिभावकों को शैक्षणिक दस्तावेजों से जुड़े कार्यों के लिए अनावश्यक परेशानी न हो और उन्हें अपने जरूरी दस्तावेज समय पर मिल सकें, इसे लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने पहल की है। मंत्री के निर्देश के बाद छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाओं को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समयबद्ध किए जाने की व्यवस्था की गई है। इससे विद्यार्थियों को अपने जरूरी शैक्षणिक दस्तावेज प्राप्त करने के लिए बार.बार कार्यालयों के चक्कर लगाने की समस्या से राहत मिलेगी। नई व्यवस्था के तहत विद्यार्थियों को डुप्लीकेट माइग्रेशन प्रमाण.पत्र, डुप्लीकेट अंकसूची, उत्तरपुस्तिका की पुनर्गणना एवं पुनर्मूल्यांकन तथा उत्तरपुस्तिका की फोटोकॉपी जैसी सेवाएं निर्धारित प्रक्रिया और समय-सीमा के भीतर उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। दस्तावेज के अनुसार इन सेवाओं के लिए निर्धारित समय.सीमा भी तय की गई है। डुप्लीकेट माइग्रेशन प्रमाण.पत्र और डुप्लीकेट अंकसूची के लिए 60 दिवस की समय.सीमा निर्धारित है। वहीं उत्तरपुस्तिका की पुनर्गणना, पुनर्मूल्यांकन और फोटोकॉपी से संबंधित सेवाओं के लिए भी निर्धारित प्रक्रिया के बाद 60 दिवस की समय.सीमा रखी गई है। मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने ही दस्तावेजों के लिए परेशान होना पड़े यह स्थिति स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम के बाद विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक दिन महत्वपूर्ण होता है।

मां वैष्णवी संगीत महाविद्यालय की छात्राओं ने किया तबले की थाप पर कथक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



तीन दिवसीय राष्ट्रीय नर्मदोत्सव पचमढ़ी में कथक नृत्य कला महोत्सव 2026 के मंच पर भारतीय शास्त्रीय कथक नृत्य की समृद्ध व गौरवशाली गुरु शिष्य परम्परा का एक अद्भुत और अविस्मरणीय दृश्य देखने को मिला कत्थक नृत्य में तबले की थाप पर सभागार में उपस्थित संगीत प्रेमियों एवं गुनीजनों को मंत्र मुग्ध कर दिया राष्ट्रीय कला नर्मदोत्सव पंचमढ़ी के सांस्कृतिक आडीटोरियम में हुआ

मां वैष्णवी संगीत महाविद्यालय सारंगढ़ रायगढ़ के गुरु प्राचार्य एलडी वैष्णव एवं उप प्राचार्य प्रीति रुद्र वैष्णव के सानिध्य में राष्ट्रीय महोत्सव शास्त्रीय कथक नृत्य में फेस्टिवल में यामी वैष्णव को नृत्य वाहिनी से सम्मानित एवं अदिति सुल्तानिया को कला प्रतिभा राष्ट्रीय उत्कृष्ट सम्मान से सम्मानित किए है। कथक में प्रथम स्थान श्रेसा सूदन, सोनाली पटेल, हुनर अग्रवाल, सनाया जैस्मीन, आदिश्री शर्मा, द्वितीय स्थान कथक सोलो में सौम्यश्री नाथ और अनुश्री शर्मा को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआस कथक नृत्य में इन छात्राओं के साथ पढ़ंत पर प्रीति वैष्णव, तबला संगत कला गुरु पंडित सुनील वैष्णव एवं रुद्र वैष्णव एगायन एवं हारमोनियम पर लालाराम लुनिया रायपुर के सानिध्य में हुआ। राष्ट्रीय नर्मदोत्सव पचमढ़ी मध्यप्रदेश के द्वारा प्रीति वैष्णव को कथक के क्षेत्र में गुरु श्रेष्ठ सम्मान से सम्मानित किए। मां वैष्णवी संगीत महाविद्यालय रानी सागर सारंगढ़ एवं शाखा रायगढ़ के समस्त कला साधक उभरते हुए सितारों छात्र-छात्राओं को संस्था प्रमुख प्राचार्य एलडी वैष्णव एवं कला साधक एवं सभी बड़े गुरुजनों ने विद्यार्थियों की उज्वल भविष्य की कामना की।

कलेक्टर ने की राजस्व विभाग की समीक्षा, निराकरण का दिया निर्देश

केलो नहर प्रभावितों की प्राथमिका से सुलझेगी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कलेक्टर राजस्व सहित विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों, शासन की प्राथमिक योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण करने के साथ योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में एग्रीस्टेक पंजीयन की विशेष रूप से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जिले के सभी पात्र किसानों का शत.प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान बेचने वाला कोई भी पात्र किसान एग्रीस्टेक में पंजीयन से वंचित नहीं होना चाहिए। इसके लिए संबंधित अधिकारी मैदानी अमले के साथ पंजीयन की स्थिति की नियमित समीक्षा करें। उन्होंने डीसीएस फेस.1 एवं फेस.2 तथा बकेट क्लेम के कार्यों में प्रगति लाने और मैदानी स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि केलो नहर परियोजना से प्रभावित किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनकर उनका निराकरण किया जाए। उन्होंने परियोजना के कार्यों को निर्धारित समय.सीमा में पूर्ण कराने के साथ कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की नियमित निगरानी पर भी जोर दिया। कलेक्टर ने विद्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति एवं एमबीयू की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने हर घर मुनगाए घर.घर मुनगा मिशन की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक परिवारों को अभियान से जोड़ने तथा प्रत्येक घर में मुनगा पौधा लगाने के लिए प्रेरित करने को कहा। बैठक में श्रमिक परिवारों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए संचालित समग्र उत्थान मिशन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के कार्यों में आवश्यक प्रगति लानेए अतिक्रमण के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करने तथा अघोषित बिजली कटौती की समस्या के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया।

नदियों और सड़कों की स्वच्छता पर जोर

कलेक्टर ने जिले में स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करने के लिए नदियों एवं सड़कों को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों की नियमित निगरानी करने को कहा गया।

